**कर्मचारी चिंतित** ओएफके प्रबंधन को वन विभाग ने बताई असमर्थता

# तेंदुओं को पकड़ने के लिए वन विभाग के पास नहीं है पिंजरे !

**ओएफके प्रबंधन आया आगे वन विभाग से मांगी डिजाइन**


**ओएफके के वर्कशॉप में तैयार होंगे पिंजरे**

**बनने के बाद निर्माणी परिसर में रखे जाएंगे पिंजरे**



**नवभारत,जबलपुर।** जहां एक ओर आयुध निर्माणी खमरिया व इसके आसपास के इलाके में तेंदुओं की चहलकदमी बढ़ती जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ निर्माणी के कर्मचारियों को भयमुक्त करने के लिए वन विभाग के हाथ अभी तक एक भी तेंदुआ नहीं लग सका है। ऐसे में जो चौंकाने वाली खबर निकलकर सामने आ रही है उसने खमरिया के कर्मचारियों व रहवासियों की चिंता दस गुना और अधिक बढ़ा दी है।

सामने आ रही खबर के मुताबिक वन विभाग के जिम्मेदारों ने ओएफके प्रबंधन के आला अधिकारियों से पिंजरे लगाने की बात पर असमर्थता जताते हुए कहा है कि उनके पास पिंजरे इतनी मात्रा में नहीं है कि रामपुर की पहाड़ियों से लेकर खमरिया, जीसीएफ सीओडी, परियट, खंदारी के क्षेत्र में हर जगह पिंजरा लगा दिए जाएं। वन विभाग के द्वारा पिंजरे को लेकर जताई गई अमसमर्थता की ओएफके के



अधिकारी अविनाश शंकर ने पुष्टि की और नवभारत को बताया कि ओएफके प्रबंधन ने वन विभाग को पत्र लिख दिया है और कहा है कि आप लोग पिंजरे की डिजाइन बनाकर दीजिए, ओएफके प्रबंधन अपने वर्कशॉप में खुद पिंजरा बनवाएगा और फिर ओएफके के अंदर तेंदुओं के मूवमेंट वाले क्षेत्रों में पिंजरा लगाएगा। इसके साथ ही प्रबंधन अपने खुद के खर्चे पर इन पिंजरों में शिकार या चारा भी रखेगा जिससे कि तेंदुआ आकर्षित होकर इन पिंजरों में फंसे। ओएफके प्रबंधन की माने तो इन पिंजरों में तेंदुआ के फंसने के बाद फिर रेस्क्यू के लिए वन विभाग को सूचना दी जाएगी।

### रस्मअदायगी के लिए रखा खाली पिंजरा

ओएफके कर्मचारियों ने नवभारत को जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग के द्वारा रस्मअदायगी के नाम पर एक पिंजरा बस रख दिया गया है जो कि खाली है । इसमें वन विभाग द्वारा शिकार नहीं रखा गया है जिससे कि तेंदुआ आकर्षित हो और फिर इसमें फंस सके। कर्मचारियों की माने तो एक ये सबसे मुख्य वजह है जिस कारण ओएफके के पिंजरे में तेंदुआ नहीं फंस सका है। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में जीसीएफ, खमरिया और फैक्टरी के अंदर तेंदुओं की चहलकदमी कई बार देखी जा चुकी है। इतना ही नहीं दो दिन पहले खमरिया के एन टाइप के पास एक तेंदुआ ने गाय के बछड़े पर भी हमला कर दिया था जिसके बाद से स्थानीय रहवासियों और निर्माणी के कर्मचारियों में तेंदुओं को लेकर खासी दहशत व्याप्त है।

# सालों बाद छूटी कुर्सी, अति . सीईओ सिंह हुए भारमुक्त

**पंचायत मंत्री व एसीएस की फटकार के बाद आखिरकार जिला पंचायत से रिलीव हुये**




**नवभारत, जबलपुर।** जिला पंचायत जबलपुर में वर्षों से पदस्थ अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज कुमार सिंह आखिरकार भारमुक्त हो गए। लगभग 14 वर्षों तक एक ही जिले में पदस्थ रहे मनोज सिंह का दो बार तबादला होने के बावजूद वे कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं अपर मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी की सख्त नाराजगी के बाद शुक्रवार को उन्हें रिलीव किया गया। उल्लेखनीय है कि मनोज सिंह के तबादले के बावजूद कुर्सी न छोड़ने को लेकर नवभारत द्वारा प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की गई थी।

### दो बार तबादला फिर भी जमे रहे

जानकारी के अनुसार मनोज सिंह का पहला तबादला 5 अगस्त 2021 को टीकमगढ़ जिले के लिए हुआ था, लेकिन उन्होंने वहां कार्यभार ग्रहण नहीं किया। इसके बाद 6 जून 2025 को शासन ने उन्हें विकास आयुक्त कार्यालय भोपाल स्थानांतरित किया, जहां 18 जून को पदस्थापना भी हो गई, बावजूद इसके वे चार माह से अधिक समय तक जबलपुर में ही कार्यरत रहे।

### सामान्य सभा में उठा था मुद्दा


जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक में जनपद सदस्य प्रदीप पटेल ने तबादले के बाद भी अति सीईओ के रिलीव न होने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। इस विषय को लेकर स्थानीय स्तर पर लंबे समय से चर्चाएं चल रही थीं। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने इस मामले को लेकर पहले कहा था कि जब तक रिप्लेसमेंट नहीं आता, तब तक रिलीव करना संभव नहीं है। हालांकि अब शासन के हस्तक्षेप के बाद उन्हें भारमुक्त कर दिया गया है।

### भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे

सूत्रों के अनुसार मनोज सिंह पर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और मनमानी के गंभीर आरोप भी लगे थे। प्रभारी मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायतें भेजी गईं थीं। ईओडब्ल्यू में भी शिकायत दर्ज होने की जानकारी सामने आई थी।

# महिला पर झपट्टा मार पांच तोला सोने का हार लूटा

**बजरंग नगर माढ़ोताल में वारदात शादी से लौट रहा था परिवार**



**नवभारत, जबलपुर ।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत बजरंग नगर में सोमवार रात्रि बाइक सवार बेखौफ लुटेरों ने एक महिला पर झपट्टा मारकर सोने का हार लूट लिया और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। झपट्टमारी की वारदात उस वक्त हुई जब वे भोपाल में शादी समारोह में शामिल होने के बाद शहर लौटी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और प्रकरण दर्ज कर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### क्या है मामला

अनिल सोनी निवासी यादव कॉलोनी विवेकानंद वार्ड ने बताया कि वे शादी समारोह में शामिल होने बस बुक करके पत्नी मीना सोनी 53 वर्षीय, परिजनों, रिश्तेदारों के साथ सात फरवरी को भोपाल गए थे। विवाह समारोह में शामिल होने के बाद सोमवार को सभी वापिस लौटे थे। बजरंग नगर में जैसे ही बस से उतरे और अपना सामान निकाल रहे थे तभी रात्रि करीब आठ बजे बाइक से दो युवक पहुंचे और पत्नी पर झपट्टा मार सोने का हार लूट लिया और फरार हो गए। हार पांच तोला का है जिसकी कीमत सात से आठ लाख रूपए है।

### खंगाले जा रहे कैमरे

बाइक से पहुंचे लुटेरों की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के आसपास होगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और सीसीटीव्ही कैमरों को खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान हो सके। फुटेज खंगालने के साथ पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है

**देवर की शादी से लौट रहे थे**

टीआई वीरेन्द्र पवार सिंह ने बताया कि अनिल सोनी ठेकेदारी का काम करते है उनकी पत्नी मीना गृहणी है वे अपने देवर की शादी में भोपाल गई थी ।बस से उतरने समय दो लुटेरे पहुंचे और हार छीनकर भाग गए है। आरोपियों की तलाश जारी है।

**जीसीएफ के विद्यानगर गेट पर आयोजित की गई सभा**

**एआईडीईएफ के चार दिवसीय आंदोलन का किया गया आगाज**

# चार लेबर कोड में परिवर्तन के खिलाफ कर्मचारियों का फूटा आक्रोश

**नवभारत,जबलपुर।** चार श्रम कानून में परिवर्तन से श्रमिक वर्ग खासा आक्रोशित हो चुका है। आलम ये है कि देश के तमाम केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। सोमवार को ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन का राष्ट्र व्यापी संघर्ष का आगाज सभा के साथ शुरू किया गया। जानकारी के अनुसार चार लेबर कोड के खिलाफ ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन जबलपुर मे चार दिवसीय आंदोलन कर रही है।

कर्मचारियों की मुख्य मांगों में चार श्रम कानून को निरस्त करना, ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली करना



,रिक्त पड़े पदों को भरना ,निगमीकरण को निरस्त करना अनुकंपा नियुक्ति हंड्रेड परसेंट प्रदान करना मुख्य है। ऑल इंडिया डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन के चार दिवसीय आंदोलन को लेकर 10 फरवरी को कर्मचारियों द्वारा काला बैच धारण कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा वहीं 11 फरवरी को निर्माणी के कर्मचारियों में जागरूकता फैलाई जाएगी फिर 12 फरवरी को ड्यूटी समय से एक घंटा देरी से निर्माणी में उपस्थिति दर्ज कराकर आंदोलन को मजबूती दी जाएगी।

सोमवार को आंदोलन के पहले दिन जीसीएफ के विद्यानगर गेट पर सुबह 7:30 बजे से द्वार सभा का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजा पांडे, अमित चंदेल, विवेक शुक्ला , देवेंद्र प्रताप द्वारा निर्माणी की समस्याओं एवं निदान पर जोर दिया गया वहीं अमित चंदेल द्वारा लेबर कोड की विसंगतियों के बारे में मंच से चर्चा की गई।

### एआईडीईएफ कर्मचारियों के साथ है


इस दौरान कर्मचारियों ने एक फेडरेशन द्वारा लेबर कोड के समर्थन देने को लेकर नाराजगी व्यक्त दर्ज कराई गई और कहा कि यह कर्मचारियों के आंदोलन को कमजोर करने की साजिश है , मगर मजदूर संघ हथौड़ा के अध्यक्ष विनय गुप्ता द्वारा कहा गया की ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन कर्मचारियों के हितों में सदैव अग्रणी रहा। इस मौके पर सचिव जेसीएम काउंसिल उत्तम विश्वास ,सैकत बनर्जी ,कृष्ण कुमार शर्मा ,कार्य समिति सदस्य बीरबल सिंह ,आशीष विश्वकर्मा ,पार्थ ओझा, राहुल गुप्ता सहित यूनियन के अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।



### ओएफके में भी की नारेबाजी

चार श्रम कानून में परिवर्तन से श्रमिक वर्ग में जबर्दस्त रोष नजर आया। केंद्रीय ट्रेड यूनियन द्वारा चार श्रम कानून लागू करने के विरोध में 12 फरवरी को राष्ट्रीय व्यापी एक दिवसीय हड़ताल की घोषणा की गई है ।केंद्रीय ट्रेड यूनियन द्वारा घोषित हड़ताल के समर्थन में सोमवार को जबलपुर स्थित एआईडीईएफ जबलपुर से संबंधित सभी यूनियनों ने आयुध निर्माणी खमरिया में नारेबाजी की और काला बैच पहनकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने बताया कि 10 फरवरी को लंच बहिष्कार और नारेबाजी की जाएगी।

# दस साल के मासूम पर श्वान ने किया अटैक




**पुलिस ने श्वान मालिक पर दर्ज किया प्रकरण**

**नवभारत,जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत इन्द्रावास कॉलोनी मानेगांव में पालतू श्वान ने दस साल के मासूम पर अटैक कर दिया। श्वान के हमले में बच्चा बुरी तरह घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले में पुलिस ने श्वान मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फग्गो बाई कोल निवासी इन्द्रावास कॉलोनी मानेगांव रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका नाती शिवा कोल पिता कमलेश 10 वर्ष घर आ रहा था रानू सोनकर के घर के सामने पहुंचा था तभी उसी समय रानू सोनकर ने अपने पालतू कुत्ते को छू करके लहकारा तो उसका काले कलर का पालतू कुत्ते ने उसे पैर, व शरीर में काट लिया। जिससे शिवा को चोटें आ गई।

# बड़कुल रेस्टोरेंट और बिट्टू दा ढाबा पर जुर्माना



**गरुड़ दल की कार्रवाई सैंपल जांच के लिए भेजे**

**नवभारत,जबलपुर।** जिला प्रशासन की तरफ से गठित गरुड़ दल ने दीनदयाल चौक बस स्टैंड स्थित बड़कुल रेस्टोरेंट, बिट्टू दा ढाबा और उनके साथ संचालित मदिरा बार का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यवाही करते हुए रेस्टोरेंट और ढाबे पर जुर्माना लगाते हुए अवैध बार को सील कर दिया है। जांच के दौरान बड़कुल रेस्टोरेंट और बिट्टू दा ढाबा के किचन में ग्लव्स के बिना खाना बनाने और साफ-सफाई की कमी पाई गई। इसके चलते नगर निगम की टीम ने दोनों पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया, कुल 10 हजार रुपये वसूले गए।बड़कुल रेस्टोरेंट के किचन से पनीर, पापड़ आदि के नमूने लिए गए और उन्हें परीक्षण के लिए लैब भेजा गया है।

### अनुविभागीय अधिकारी सहित पुलिस रही मौजूद

निरीक्षण अभियान का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुंडेश्वर धाम प्रगति गनवीर ने किया। निरीक्षण में तहसीलदार वीर बहादुर सिंह धुर्वे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद धुर्वे, आबकारी निरीक्षक अंकित जैन और माढ़ोताल थाने की पुलिस टीम शामिल रही।

**बिट्टू दा ढाबे का अवैध बार सील, शराब जब्त**

टीम को बिट्टू दा ढाबे के ऊपर संचालित मदिरा बार और पब बिना लाइसेंस एवं सक्षम अनुमति के चल रहे पाए गए। आबकारी विभाग की टीम ने बार को तुरंत सील कर दिया और विदेशी शराब जब्त कर विभाग के सुपर्द कर दी। जानकारी के अनुसार, बार का सालाना टर्नओवर लगभग 40 लाख रुपये होने के बावजूद, उसके पास एफएसएसएआई लाइसेंस नहीं था।

# एपीके फाइल डाउनलोड करते ही खाते से उड़े 1 .79 लाख

**फर्जी आरटीओ ई चालान भेज ठग ने मोबाइल किया हैक, प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत मदनमहल में रहने वाले एक युवक को साइबर ठग ने फर्जी आरटीओ का ई चालान एपीके फाइल भेजी। जिसे डाउनलोड करते मोबाइल हैक हो गया और 1 लाख 79 हजार 500 रूपये ट्रांसफर हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक महेश कुमार पाण्डे 55 वर्ष निवासी दशमेश द्वार मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे वाट्सअप के माध्यम से आरटीओ ई चालान एपीके फाइल आयी उसने क्लीक कर दिया तो उसका मोबाईल हैक हो गया। उसके खाते में बेनफिशरी एड कर उसके फिक्स डिपॉजिड खाते से नगद 1 लाख 79 हजार 500 रूपए तथा बचत खाते से 6 हजार 579 रूपये किसी अज्ञात ने अपने खाते में ट्रांसफर कर लिये।

# पटाखों की गूंज वाला मॉडीफाई सायलेंसर लगा वीडियो किया अपलोड

**बुलेट चालक को पुलिस ने सिखाया सबक, निकलवाया सायलेंसर**



**नवभारत, जबलपुर।** पटाखों की गूंज वाला मॉडीफाई सायलेंसर बुलट में लगाकर दहशतगर्दी फैलाने वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जैसे ही वीडियो पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने एक्शन लेते हुए चालक को सबक सिखाते हुए चालानी कार्यवाही करते हुये मॉडीफाई सायलेंसर निकलवाया। जानकारी के मुताबिक एक युवक द्वारा मॉडीफाई सायलेंसर वाली बुलेट चलाने का वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड किया गया था। जिसमें युवक पटाखें की आवाज वाला सायलेंस लगाये दिख रहा था। सोशल मीडिया सेल टीम द्वारा पतासाजी करते हुये विश्वमोहन अरखेल 26 वर्ष निवासी व्योहारबाग बेलबाग को मॉडीफाई सायलेंसर लगी मोटर सायकिल सहित पकडा गया जिसे बेलबाग पुलिस द्वारा थाना लाकर नियमानुसार चालानी कार्यवाही करते हुये 1 हजार रूपये समन शुल्क वसूला गया तथा वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड बी 7760 में लगा मॉडीफाई सायलेंसर निकलवाया गया। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के आदेश पर सोशल मीडिया निगरानी जबलपुर सायबर सेल टीम द्वारा की जा रही है। इसके साथ ही थाना प्रभारी एवं राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन चैकिंग प्वाईट लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले, बिना नम्बर अमानक नम्बर वालों से लेकर मॉडीफाई सायलेंसर के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही सोशल मीडिया में भडकाउ पोस्ट, शस्त्र प्रदर्शन, वाहनों पर स्टंट कर वीडियो अपलोड करने वालों के खिलाफ भी वैधानिक कार्यवाही जारी है।

### रेल्वे स्टेशन के बाहर मिली लाश

**नवभारत,जबलपुर।** मदनमहल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर एक युवक की लाश पड़ी मिली। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने बताया कि राकेश कुडाला पिता स्व. गीताराम कुडाला 37 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर ने सूचना दी कि वे रेल्वे स्टेशन मदनमहल प्लेटफार्म नं. एक में सफाई कर्मचारी है। स्टेशन के बाहर एक शव पड़ा मिला। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष के आसपास होगी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मामले की जांच शुरू कर दी।

# सजा से दंडित व्यक्ति ने दी निर्वाचन को चुनौती

**जबलपुर।** लांजी विधानसभा से भाजपा विधायक राज कुमार कर्राहे की निर्वाचन को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में चुनाव याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान विधायक की तरफ से दायर आवेदन में बताया गया कि याचिकाकर्ता को आपराधिक प्रकरण में पांच साल के लिए न्यायालय ने दंडित किया है। चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य होने के बावजूद भी वह निर्वाचन को चुनौती दें रहा है। हाईकोर्ट जस्टिस डी डी बसंल की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद याचिका को खारिज कर दिया। विस्तृत आदेश प्रतिक्षित है। बालाघाट निवासी पूर्व विधायक किशोर समरीते ने लांजी विधानसभा से विधायक राज कुमार कर्राहे के निर्वाचन को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका में अनावेदक विधायक पर चुनाव के दौरान भ्रष्ट आचरण के आरोप लगाते हुए उनका निर्वाचन को शून्य घोषित किया जाने की राहत चाही गयी थी। अनावेदक लांजी विधायक की तरफ से हाईकोर्ट में सीआरपीसी की धारा 7 11 के तहत आवेदन दायर करते हुए याचिका की सुनवाई पर आपत्ति पेष की थी। जिसमें कहा गया था कि याचिकाकर्ता को आपराधिक प्रकरण में न्यायालय ने पांच साल के लिए सजा से दंडित किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने उक्त सजा पर निलंबित किया है। सजा रद्द नहीं होने के कारण उनका नामांकन निरस्त किया गया था। सजा के दंडित व्यक्ति जनता द्वारा चयनित विधायक के निर्वाचन पर सवाल नहीं उठा सकता है।

# युवक को मौत की नींद सुलाने वाला कार चालक पुलिस गिरफ्त से दूर

**नवभारत,जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत नौदरा ब्रिज के पास बीती रात बाइक चालक युवक को मौत की नींद सुलाने वाला लग्जरी कार का चालक अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। पुलिस के मुताबिक बिनोद कठेरिया 46 वर्ष निवासी उदयनगर गोकलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भतीजा हर्ष उर्फ पियूष कठेरिया 18 वर्ष का रात लगभग 9-50 बजे नौदरा ब्रिज के पास मोटर सायकल से रोड से क्रास कर रहा था तभी मॉल तरफ से आ रही फार्चुनर कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 0057 के चालक ने वाहन को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये भतीजे को टक्कर मार दिया जिससे हर्ष के सिर एवं शरीर में चोटें आने से हर्ष को विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने हर्ष को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने फार्चुनर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया लेकिन पुलिस अब तक कार चालक का सुराग नहीं जुटा सकी है। जिसके चलते वे पुलिस गिरफ्त से दूर है।

### अज्ञात वाहन ने कुचला पुत्र की मौत, पिता घायल

खमरिया थाना अंतर्गत दक्ष होटल के पीछे अज्ञात वाहन की टक्कर से पुत्र की मौत हो गई जबकि पिता घायल हो गया । पुलिस ने बताया कि नारायण चौधरी 50 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती शिव मंदिर तलैया रांझी ने सूचना दी कि वह अशोक टेंट हाउस में वेटर का काम करता है उसके अशोक टेंट हाउस का काम दक्ष होटल के पीछे लगा था जिसमें वह एवं उसकी पत्नी विद्या बाई और उसका सौतेला बेटा अनिल बेहना काम करने गये थे, काम से गुटका लेने उमरिया मोड की ओर जा रहे थे तभी पीछे से एक अज्ञात वाहन का चालक दोनों को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मार दिया जिससे दोनों को चोटे आ गयी, स्थानीयजनों ने एम्ब्यूलेंस से रांझी अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टर ने चैक कर उसके सौतेले लडके अनिल बेहना 35 वर्ष निवासी ग्राम औघट खपरी महाराजपुर मण्डला को मृत घोषित कर दिया।

**लापरवाही** नवभारत की मुहिम, शुद्ध पेयजल हक लेकर रहेंगे, आज भी नाले-नालियों के बीच में तैर रही है पेयजल की लाइनें

# बस चल रहा है मरम्मत का कार्य ... जनाब हाल और चाल ना पूछिये

**जबलपुर, नवभारत।** बीते दिनों इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों की संख्या 33 के पार पहुंच गई है। जिसको लेकर सिर्फ इंदौर में ही नहीं बल्कि जबलपुर में भी हड़कंप मचा हुआ है। बावजूद इसके बाद नगर निगम के अधिकारी अभी भी सब ठीक होने का दावा कर रहे हैं। शहर के कई क्षेत्रों में अब भी पाइप लाइनों से गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। शिकायतों के बाद भी पाइप लाइनों को नाले से बाहर निकालने का काम नहीं किया जा रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि नालों से होकर जा रही पाइप लाइनों के सुधार की फिक्र अधिकारियों को नहीं है। नवभारत द्वारा लगातार चलाई जा रही दूषित पेयजल के खिलाफ मुहिम के तहत् रविवार शहर के घनी आबादी वाले



गोरखपुर, छोटी ओमती और नेपियर टाउन क्षेत्र से गुजरने वाले नाले नालियों के पास जाकर हाल देखा गया।

### घरों तक पहुंचती लाइनें

नवभारत द्वारा इन क्षेत्रों में किए गए सर्वे में देखा गया कि यहां नाले से होकर पानी की पाइप लाइनें लोगों के घरों तक पहुंच रही हैं। नाले के बीच से गुजर रही इन पाइप लाइनों में कई जगह लीकेज भी थे। जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि गंदा पानी लोगों के घर तक पहुंच रहा है। वही क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि यहां बीते कई सालों से पानी की पाइप लाइनें नाले के बीच से होकर जा रही हैं। जिससे गंदा पानी उनके घरों में पहुंच रहा है। कई बार तो पानी बहुत मटमैला आता है। नागरिक लंबे समय से गंदे पानी की सप्लाई की समस्या का सामना कर रहे हैं।

### बस चल रहा है कार्य

दूषित पेयजल से हुई 33 मौतों का गवाह बना इंदौर में आज भी लोग निगम के पेयजल पर भरोसा करने से कतरा रहे हैं। बात करे जबलपुर शहर की तो यहां के अधिकारीगण अभी भी कार्य किये जाने का हवाला देते फिर रहे है। अब देखने वाली बात ये होगी कि यह कार्य कितने सालों तक चलता है? तब तक, जब जनता इस हादसे को भूल नहीं जाती या तक तक, जब इस पद पर बैठे साहब या तो सेवानिवृत्त हो जाए या उनका खुशी खुशी विभाग बदल दिया जाए! बहरहाल नवभारत प्रमुखता से आमजनों की आवाज इसी तरह उठाता रहेगा, जब तक आमजनों को स्वच्छ पेयजल सच में ना मिल जाए।

### डरे हुए है आमजन

बता दे कि नवभारत से बात करने के बाद आमजनों ने बताया कि हाल ही में हुई इंदौर की घटना के बाद शहर के रहवासी गंदे पानी की सप्लाई को लेकर डरे हुए हैं। नगर निगम द्वारा अब तक उनके क्षेत्र से न तो पानी के सैंपल लिए गए है और न ही पाइप लाइनों की जांच की गई है। जिससे नागरिकों में दहशत का माहौल है खास बात यह है कि शहर के कई हिस्सों में बड़ी पाइप लाइन से एक साथ नल के कई कनेक्शन लिए जाते हैं। नल कनेक्शन के पाइप नाले के गंदे पानी के बीच में डूबे नजर आते हैं। लोगों ने बताया कि गंदे पानी की सप्लाई के साथ पानी में दुर्गंध भी आती है। जिससे लोगों को पानी फेंकना पड़ जाता है।

**इनका कहना है**

खराब हो चुकी लाइनों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। जहां मरम्मत की आवश्यकता है वहां रिपेयरिंग कराई जा रही है।

**कमलेश श्रीवास्तव**
**कार्य. यंत्री, नगर निगम**